3. नागरिक के कर्तव्य

https://www.youtube.com/watch?v=HBv0yhVQA_Q

[Study With Parashuram]

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

१. मीना मैडम ने कितने दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था ?

उत्तर : मीना मैडम ने 15 दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था ।

२. संभाषण का विषय क्या था?

उत्तर :संभाषण का विषय 'नागरिकों के मूल कर्तव्य' था ।

३. अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?

उत्तर :अकुल ने मीना मैडम से कहा ,एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज,राष्ट्रगान,राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए।

४. सलमा ने क्या कहा ?

उत्तर :सलमा ने कहा,प्रकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है।

५. अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

उत्तर :अन्वर ने मीना मैडम से कहा कि,समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति,धर्म,भाषा,प्रदेश,वर्ग पर आधारित सभी भेद-भावों से दूर रहना चाहिए।

६. मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

उत्तर :मीना मैडम ने छात्रों से अंत में कहा कि,आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्यार्थियो ! आज से,नहीं नहीं ; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो।इससे आपका हित तो होगा ही,देश का कल्याण भी होगा।